संलग्नक – 4

**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की 'भवन एवं कार्य समिति' (Building and Works Committee) की दिनांक 25 फरवरी, 2018 को पूर्वान्ह 11.00 बजे स्वर्ण जयन्ती सभागार में सम्पन्न चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्तः–**

बैठक में उपस्थिति निम्नवत रही :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रो0 श्री निवास सिंह,<br>कुलपति | : अध्यक्ष |
| 2 | श्री राम दुलार,<br>अधिष्ठाता, नियोजन, स्रोत जनन एवं पुरातन छात्र सम्बन्ध | : सदस्य |
| 3 | श्री अशोक कुमार, आर्किटेक्ट<br>4/5 विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ | : सदस्य |
| 4 | प्रो0 यू0 सी0 जायसवाल<br>कुलसचिव | : सदस्य |
| 5 | श्री सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय, लेखाकार<br>(वित्त नियनत्रक के प्रतिनिधि) | : सदस्य |
| 6 | श्री राजेश कुमार, सहायक अभियन्ता<br>(मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, उ0 प्र0, गोरखपुर के प्रतिनिधि) | : सदस्य |
| 7 | श्री दयाशंकर सिंह, सह आचार्य,<br>संगणक विज्ञान एवं अभियन्त्रण विभाग | : विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 8 | प्रो0 गोविन्द पाण्डेय<br>विभागाध्यक्ष, जनपदीय अभियंत्रण विभाग | : सदस्य–सचिव |

प्रो0 एन0 के0 सक्सेना, के0 एन0 आई0 टी0, सुल्तानपुर एवं श्री राजीव गर्ग, अधीक्षण अभियन्ता, आई0 डब्ल्यू0 डी0, आई0 आई0 टी0, कानपुर बैठक में अपरिहार्य कारणों से उपस्थित नहीं हो सके।

<u>कार्यवृत्त</u>

मद सं0: 04.00 — **<u>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की दिनांक 31 अक्टूबर, 2017 को सम्पन्न भवन एवं कार्य समिति की तृतीय बैठक में लिये गये निर्णयों पर कार्यान्वयन का विवरण।</u>**

समिति द्वारा भवन एवं कार्य समिति की तृतीय बैठक में लिये गये निर्णयों के कियान्वयन संबधी विवरण से अवगत होते हुए कृत कार्यवाही एवं प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए पुष्टि की गयी एवं बिन्दु 3.12 (विश्वविद्यालय महायोजना) के विषय में यह निर्णय लिया गया कि महायोजना–2040 की संरचना करते समय पंचवर्षीय आधार पर आवश्यकताओं एवं विकास योजनाओं के आलोक में चरणबद्व अवस्थापना आवश्यकताओं का चिन्हांकन प्राथमिकता के आधार पर किया जाय तथा मास्टर प्लान विश्वविद्यालय स्तर पर तैयार किया जाए ।

30/95

**मद संख्या 4.01 ए0 के0 टी0 यू0 अनुदान के इन्फ्रास्ट्रक्चर कम्पोनेन्ट से कराये जाने वाले कार्यो की प्रस्तावों की सूचना एवं अनुमोदन का प्रस्ताव**

**(i) कार्यशाला भवन के मरम्मत/रख–रखाव एवं एक–एक अदद् पुरूष एवं महिला ट्वायलेट ब्लाक के निर्माण का प्रस्ताव**

विश्वविद्यालय के कार्याशाला भवन का निर्माण पूर्ववर्ती मदन मोहन मालवीय इन्जी0 कालेज के स्थापना दशक 1960–70 में किया गया था अतएव लगभग 50 वर्ष पुराने कार्यशाला भवन के ए0 सी0 शीट रूफिंग, डोर/ विन्डो /रोशनदान, हाईड्रालिक्स लैब के सम्पवेल एवं इसकी नालियॉ एवं बाथरूम तथा पूर्व से लगें फाल्स सीलिंग इत्यादि जीर्ण –शीर्ण हो गये हैं, जिनका जीर्णोद्धार कराया जाना आवश्यक हो गया है। इसके अलावा स्थापना काल की तुलना में, वर्तमान में कार्यशाला का प्रयोग करने वाले छात्र–छात्राओं की संख्या लगभग चार गुना बढ़ गयी है । अतएव पृथक से एक–एक अदद महिला एवं पुरुष ट्वायलेट का निर्माण अत्यन्त आवश्यक है। इन कार्यो हेतु रू0 154.08 लाख का कार्य कराये जाने के प्रस्ताव पर समिति द्वारा इस सुझाव सहित अनुमोदन प्रदान किया गया कि प्रस्तावित ट्वायलेट ब्लाक्स का निर्माण पूर्व से स्थापित भवन संरचना से पृथक किया जाय ।

**(ii) पूर्वान्चल विद्युत वितरण खण्ड के खोराबार विद्युत सब स्टेशन से विश्वविद्यालय के विद्युत सब स्टेशन तक पूर्व से स्थापित ओवर हेड एच0 टी0 लाइन के स्थान पर एच0 टी0 केबिल लेईंग एवं विश्वविद्यालय परिसर में स्ट्रीट लाइट लगाये जाने का कार्य**

विश्वविद्यालय परिसर में विद्युत वितरण खण्ड के खोराबार विद्युत सब–स्टेशन से विश्वविद्यालय के विद्युत सब–स्टेशन तक पूर्व से लगे ओवर हेड एच0 टी0 लाइन पूर्ववर्ती मदन मोहन मालवीय इन्जी0 कालेज के स्थापना समय का है, जिसके पोल के फाउण्डेशन/प्लिन्थ, कास आर्म, ओवर हेड वायर जगह–जगह जीर्ण–शीर्ण हो गये हैं एवं इस ज्यादातर इन्सुलेटर पन्चर हो चुके हैं और यह लाइन विश्वविद्यालय परिसर के घने वृक्षो से होकर गुजरती हैं। अतएव इसके स्थान पर एच0 टी0 केबिल लाइन बिछाया जाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय परिसर के सडकों पर लगे अधिकांश स्ट्रीट लाइट खराब हो चुके हैं, जिसके स्थान पर नये स्ट्रीट लाइट लगाया जाना आवश्यक है। उक्त कार्य कराये जाने हेतु रू0 228.19 लाख के प्रस्ताव पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया ।

**(iii) दिव्यांगों के लिये सुविधाओं के विकास का प्रस्ताव (ट्वायलेट एवं रैम्प)**

दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार योजना में दिव्यांगों हेतु सुविधाओं के विकास पर विशेष बल दिया गया है । अतः विश्वविद्यालय स्तर पर प्रत्येक विभागों में दिव्यागों के लिए एक अदद् महिला ट्वायलेट एवं एक अदद पुरूष ट्वायलेट निर्माण का प्रस्ताव तथा भूतल एवं प्रथम तल वाले व्याख्यान संकुल के लिए एक अदद रैम्प का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु रू0 28.97 लाख के प्रस्ताव पर समिति द्वारा इस सुझाव सहित अनुमोदन प्रदान किया गया कि छात्रावासों के मात्र भूतल पर एवं शैक्षणिक भवनों के प्रत्येक तल पर दिव्यांग जन हेतु ट्वायलेट का निर्माण कराया जाय । साथ ही, यह भी सुझाव दिया गया कि शैक्षणिक भवनों में दिव्यांग महिला व पुरुष के लिए एकल ट्वायलेट का निर्माण कराया जाय ।

**मद संख्या 4.02 राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के अनुदान से कराये जाने वाले निर्माण कार्यों की सूचना एवं अनुमोदन का प्रस्ताव**

**(i) कम्प्यूटर साइंस एवं इन्जी0 विभाग हेतु लैब के निर्माण का प्रस्ताव**

कम्प्यूटर साइंस एवं इन्जी0 विभाग के छात्र–छात्राओं की संख्या मे हुई वृद्वि के फलस्वरूप प्रायोगिक कक्षाओं के संचालन मे उत्पन्न हो रही समस्याओं के दृष्टिगत विभाग हेतु अतिरिक्त कक्षाओं/प्रायोगिक कक्षाओं के निर्माण कराये जाने की मांग विभागाध्यक्ष द्वारा की गयी है। इस हेतु विभाग के पश्चिम तरफ भूतल एवं प्रथम तल पर प्रयोगशालाओं के निर्माण हेतु रू0 283.38 लाख के प्रस्ताव पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया ।

31|35

**(ii) विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों मे पूर्व से निर्मित सेमिनार हाल एवं प्रयोगशालाओं पर प्रथम तल का विस्तार एवं नवीनीकरण/उच्चीकरण का प्रस्ताव**

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के स्थापना के बाद भूतल पर पूर्व से ही सेमिनार हाल एवं प्रयोगशाला का निर्माण कराया गया है एवं इनके ऊपर प्रथम तल पर आंशिक निर्माण कराया गया है। विभागों की आवश्यकता के दृष्टिगत प्रयोगशालाओं के विस्तार एवं उच्चीकरण के लिए रू0 149.73 लाख के प्रस्ताव पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया ।

**(iii) केन्द्रीय पुस्तकालय का विस्तार / निर्माण कार्य**

वर्तमान मे पारम्परिक पुस्तकों का चलन कम हो रहा है एवं इण्टरनेट आधारित पुस्तकों का चलन बढ़ रहा है । साथ ही, एन0 के0 एन0 एवं एन0 पी0 टेल0 वेबसाइट पर प्रचुर मात्रा में इन्जीनियरिंग के विभिन्न पाठ्यक्रमों की सामग्री उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप केन्द्रीय पुस्तकालय में स्थान उपलब्ध नहीं है। विद्यार्थियों को बेहतर Internet Resources उपलब्ध कराने एवं E-Journals, E- Books, E- Lectures इत्यादि के पठन–पाठन हेतु समुचित स्थान प्रदान करने के लिए दो तल में इसके विस्तार/ निर्माण कार्य कराये जाने हेतु रू0 156.85 लाख के प्रस्ताव पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया ।

**मद संख्या 4.03 टेक्विप (TEQIP) से प्राप्त अनुदान से कराये जाने वाले निर्माण कार्यो की सूचना एवं अनुमोदन प्रस्ताव**

**(i) विश्वविद्यालय में विद्युत नेटवर्किंग के सुदृढ़ीकरण का प्रस्ताव**

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के पुराने आन्तरिक विद्युत नेटवर्क काफी जीर्ण–शीर्ण हो गये हैं, जिसका सुदृढ़ीकरण कराया जाना आवश्यक है । इस हेतु कुल रू0 20.00 लाख का कार्य कराया जाने के प्रस्ताव पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया ।

**(ii) आई0 टी0 आर0 सी0 के सेमिनार हाल के नवीनीकरण/उच्चीकरण का प्रस्ताव**

आई0 टी0 आर0 सी0 भवन में निर्मित सेमिनार हाल पूर्ववर्ती मदन मोहन मालवीय इन्जी0 कालेज के समय का है, जिसके नवीनीकरण/उच्चीकरण हेतु रू0 14.00 लाख का कार्य कराये जाने के प्रस्ताव पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया ।

**(iii) कम्प्यूटर साइन्स एवं इन्जी0 विभाग के ट्वायलेट के उच्चीकरण का प्रस्ताव**

कम्प्यूटर साइन्स एवं इन्जी0 विभाग में निर्मित ट्वायलेट ब्लाक काफी समय व्यतीत हो जाने के कारण अत्यन्त खराब की स्थिति में है, जिसका मरम्मत कराया जाना आवश्यक है। इसके नवीनीकरण/उच्चीकरण हेतु रू0 12.00 लाख का कार्य कराये जाने के प्रस्ताव पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया ।

**मद संख्या 4.04 सरस्वती भवन के छात्रावास अधीक्षक के आवास के बाउण्ड्रीवाल निर्माण एवं टाइल्स फ्लोर कार्य के प्रस्ताव की सूचना एवं अनुमोदन का प्रस्ताव**

सरस्वती भवन छात्रावास परिसर में निर्मित छात्रावास अधीक्षक आवास काफी पुराना है एवं इस हेतु कोई बाउण्ड्रीवाल पूर्व से निर्मित नहीं है । छात्रावास अधीक्षक की निजता संरक्षण हेतु बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कराया जाना आवश्यक है । अतएव इस आवास के बाउण्ड्रीवाल निर्माण एवं टाइल्स फ्लोर का कार्य कराये जाने हेतु रू0 3.60 लाख के प्रस्ताव पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया ।

**मद संख्या 4.05 विश्वविद्यालय की अवस्थापना सुविधाओं का उच्चीकरण के निमित्त शासन से स्वीकृत कार्यों/भवन निर्माण कार्यों की अद्यतन की प्रगति की सूचना**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की सुविधाओं के उच्चीकरण के निमित्त शासनादेश संख्या 2173/सोलह–2014–9(बजट–3)/2014 दिनांकः 05.11.2014, शासनादेश संख्या 4312/सोलह–1–2016–3(10)/2015 दिनांकः 17.11.2016, तथा शासनादेश संख्या 5185/सोलह–1–2016–3 (10)/2015 दिनांकः 04.01.2017, के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों/भवन निर्माण कार्यों को विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराया जा रहा है, जो प्रगति पर हैं। इन कार्यों की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की सूचना से समिति अवगत हुई।

**मद संख्या 4.06 विश्वविद्यालय स्रोतों से कराये गये/कराये जा रहे अन्य प्रमुख कार्यो की सूचना एवं उनके अनुमोदन का प्रस्ताव**

भवन एवं कार्य समिति से अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय मे निम्नलिखित प्रमुख कार्य विश्वविद्यालय स्रोतों से कार्य की आवश्यकता एवं अपरिहार्यता के दृष्टिगत कराये गये है/कराये जा रहे हैं :

| क0स0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) |
|---|---|---|
| 01 | Extension of Hospital Building | 36.84 |
| 02 | Extension of Cafeteria Building | 25.32 |
| 03 | Extension of Bus Garage Building | 23.63 |
| 04 | Extra work for Extension of V.C Residence ( S.S Railing, Aluminium D/W, Kota stone, A.C & Furniture work etc.) | 24.89 |
| | **Total** | 110.68 |

समिति द्वारा विवरण एवं सूचना से अवगत होते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया ।

**मद संख्या 4.07 कीडास्थल पर निर्मित स्केटिंग कोर्ट पर लाइट लगाये जाने एवं की–आस्क का निर्माण का कार्य।**

विश्वविद्यालय स्थापना के बाद विश्वविद्यालय के कीडास्थल परिसर में निर्मित स्केटिंग कोर्ट एवं पूर्ववर्ती मदन मोहन मालवीय इन्जी0 कालेज स्थापना के समय निर्मित बास्केट बाल कोर्ट एवं लान टेनिस कोर्ट पर प्रकाश की व्यवस्था न होने के कारण छात्रों को सूर्यास्त के उपरान्त कीडाभ्यास किये जाने में असुविधा उत्पन्न होती है। अतः उक्त कोर्ट पर प्रकाश की व्यवस्था कराए जाने हेतु रू0 3.56 लाख के प्रस्ताव पर समिति द्वारा इस सुझाव सहित अनुमोदन प्रदान किया गया कि वांछित प्रदीपन तीव्रता (लक्स) के अनुसार प्राक्कलन का पुनरावलोकन कर लिया जाय ।

**मद संख्या 4.08 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद।**

समिति के समक्ष कोई प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत नहीं हुआ ।

बैठक, अन्त में, अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद सहित सम्पन्न हुई ।

(गोविन्द पाण्डेय)
सदस्य–सचिव
भवन एवं कार्य समिति

25.2.18
(श्री निवास सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष
भवन एवं कार्य समिति

33|35